तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 12. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 24 जनवरी 2026

4 वैदिक परंपरा के साथ मां सरस्वती की हुई पूजा





## खबर संक्षेप

### जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर का शपथ ग्रहण समारोह आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार 24 जनवरी को दोपहर 2 बजे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के उद्यान में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद जांजगीर- चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधायक जांजगीर - चांपा व्यास कश्यप, जांजगीर-नैला नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा गढ़ेवाल, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडे शामिल होंगे। जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर के अध्यक्ष नरेश शर्मा ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

# मेडिकल कॉलेज शुरु करने की तैयारी तेज, अधिष्ठाता की हुई नियुक्ति

## सिम्स के प्राध्यापक डॉ. राकेश नहरेल बने पहले डीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में स्वीकृत मेडिकल कॉलेज को शुरु करने की तैयारी तेज हो गई है। कुटरा में जहां कॉलेज निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है तो वहीं वैकल्पिक व्यवस्था के तहत लाइवलीहुड कॉलेज व जिला अस्पताल में इसे संचालित करने की तैयारी हो रही है। इसी कड़ी में अधिष्ठाता की नियुक्ति भी शासन द्वारा की गई है। सिम्स में पदस्थ प्राध्यापक डॉक्टर राकेश नहरेल जांजगीर मेडिकल कॉलेज के पहले डीन होंगे।

शुक्रवार 23 जनवरी को शासन के आदेशानुसार सिम्स में पदस्थ प्राध्यापक डॉक्टर राकेश नहरेल की नियुक्ति जांजगीर-चांपा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अधिष्ठाता के रुप में की गई। शासन से आदेश मिलने के बाद डॉक्टर नहरेल जिला मुख्यालय जांजगीर पहुंचे और आवश्यक दस्तावेज में हस्ताक्षर करने के उपरांत विधिवत अधिष्ठाता का कार्यभार ग्रहण किया। इसकी जानकारी शासन को भेजी गई। शासन द्वारा अधिष्ठाता की नियुक्ति किए जाने के बाद जांजगीर-चांपा जिले में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय आगामी सत्र से प्रारंभ होने की शुरुआत हो चुकी है।

प्रारंभिक तौर पर चिकित्सा महाविद्यालय का संचालन जिला अस्पताल और नर्सिंग कॉलेज तथा लाइवलीहुड कॉलेज में किय जाएगा। इसको लेकर भी तैयारी शुरु हो गई है। दूसरी ओर जिला मुख्यालय से तकरीबन 10 किलोमीटर की दूरी पर कुटरा में मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो गया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक आगामी सत्र से मेडिकल कॉलेज संचालित करने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। डीन की नियुक्ति के बाद अब विभागीय कामकाज संचालित होने के साथ ही नए सत्र में प्रवेश और अध्यापन कार्य की रुपरेखा तैयार करने के साथ ही अस्थाई संचालन के लिए भवनों का चयन भी कर लिया गया है। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लासरुम, कौशल विकास लैब और लाइबेरी की तैयारी पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है, जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन का अमला जुटा हुआ है।



### नए सत्र से शुरु होनी है पढ़ाई

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय जांजगीर के नवपदस्थ अधिष्ठाता डॉक्टर राकेश नहरेल ने हरिभूमि से चर्चा करते बताया कि शासन के आदेश पर उन्होंने 23 जनवरी को ही कार्यभार ग्रहण किया है। 28 जनवरी तक पेपर वर्क कम्पलीट करना है और पूरी जानकारी एनएमसी को देनी है ताकि नए सत्र में यहां चिकित्सा महाविद्यालय में बच्चों का एडमिशन हो सके। इसके साथ ही विधिवत अध्यापन कार्य प्रारंभ कराने वैकल्पिक व्यवस्था भी बनाई जाएगी।




## भृत्य व बाबुओं के प्रमोशन पश्चात पदांकन को लेकर उठे सवाल

# पदोन्नति में हो गया बड़ा खेल, बिना काउंसिलिंग के मनमानी पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




जिले का शिक्षा विभाग बाबुओं और भृत्य की पदोन्नति को लेकर एक बार फिर से सवालों के घेरे में है। विभाग द्वारा तीन दर्जन के करीब कर्मचारियों की पदोन्नति की गई है। खास बात यह है कि पदोन्नति के बाद पदस्थापना के लिए किसी प्रकार की काउंसिलिंग नहीं कराई गई। सभी को मनमाने तौर पर पदस्थापना आदेश जारी कर दिया गया। बताया जाता है कि इसमें लाखों का खेला हो चुका है।

गौरतलब है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विगत दिवस भृत्य और बाबुओं की पदोन्नति सूची जारी की गई। इसमें 19 भृत्य को सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदोन्नति मिली है। इसी तरह 11 बाबुओं को पदोन्नत करके सहायक ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड 2 बनाया गया है। बताया जाता है कि पदोन्नत होने वाले कर्मचारियों को नई पदस्थापना के लिए शासन के नियमानुसार काउंसिलिंग की प्रक्रिया अपनाई जाती है, लेकिन जिम्मेदार जिला शिक्षा विभाग ने इसकी आवश्यकता नहीं समझी। विभागीय सूत्रों की माने तो पदोन्नति पाने वाले कर्मचारियों को उनकी सुविधा अनुसार मनमाने स्थानों में पदस्थ करने का आदेश जारी हुआ। बताया तो यहां तक जाता है कि इसके एवज में प्रति कर्मचारी 80 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक का दर भी अघोषित रूप से निर्धारित हो गया था। जिसके आधार पर जिम्मेदार विभाग द्वारा काउंसिलिंग की प्रक्रिया अपनाए बगैर मनमाने तौर पर पदोन्नत कर्मचारियों की पोस्टिंग कर दी गई।

उल्लेखनीय है कि बीते जून जुलाई महीने में अतिशेष शिक्षकों के समायोजन ओर पदोन्नत शिक्षकों को शाला देने की कार्रवाई हुई तो विभाग द्वारा शासन के निर्देश पर पूरी पारदर्शिता बरतते हुए व्यापक पैमाने पर काउंसिलिंग की प्रक्रिया अपनाई गई थी, लेकिन बाबुओं की पदोन्नति के बाद पदस्थापना में किसी प्रकार काउसिलिंग की प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। इसको लेकर जिम्मेदार विभाग पर व्यापक पैमाने पर लेन देन करने का आरोप लग रहे है, तो वहीं विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे है।

### संशोधन के नाम पर भी बड़ा हेर फेर होने की चर्चा

शिक्षा विभाग की सूत्रों की माने तो पदोन्नति प्रक्रिया में जहां बिना काउंसिलिंग के मनमाने तरीके से पदस्थापना की गई है, वहीं अब कुछ लोगों के नाम व स्थान में संशोधन की भी चर्चा होने लगी है। बताया जाता है कि जहां बात नहीं बन रही है, वहां ब्लाक चेंज करने की चेतावनी मिलने लगी है।

### फेडरेशन ने पहले की थी काउंसिलिंग की मांग

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक विश्वनाथ सिंह परिहार ने बताया कि भृत्य और बाबुओं की पदोन्नति की प्रक्रिया के दौरान फेडरेशन द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के नाम आवेदन दिया गया था। जिसमें काउंसिलिंग की प्रक्रिया अपनाए जाने की मांग की गई थी, लेकिन शिक्षा विभाग ने काउंसिलिंग नहीं कराई। पदोन्नति के बाद पदस्थापना मनमाने तौर पर की गई है। अपने पराए का भेद किया गया है। लेन देन की शिकायतें मिल रही है। फेडरेशन फिर से काउंसिलिंग कराने की मांग कर रहा है। अन्यथा आंदोलन का रूख अख्तियार करने की तैयारी की जाएगी।

### नियमानुसार पदोन्नति

भृत्य और बाबुओं की पदोन्नति सूची नियमानुसार जारी हुई है। वरिष्ठता के आधार पर प्रमोशन दिया गया है। रही बात काउंसिलिंग कराने की तो पदोन्नति में काउंसिलिंग का कोई प्रावधान नहीं है। पूरी प्रक्रिया नियमों के तहत हुई है, जो भी आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे है, वह निराधार है।

**-अशोक सिन्हा,**
डीईओ, जांजगीर चांपा

# जब्त माल के रख रखाव एवं सही संधारण करने दी हिदायत

- एसपी ने बिर्रा थाना का किया वार्षिक निरीक्षण

**बिर्रा।** पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने शुक्रवार 23 जनवरी को बिर्रा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम परेड की सलामी ली। निरीक्षण दौरान थाना में संधारित समस्त दस्तावेज, अभिलेख, रजिस्टर का अवलोकन तथा आर्म्स एन्युनेशन, जप्ती माल के रख रखाव को चेक किया और सही-सही संघारंण करने हिदायत दी। एसपी श्री पांडेय द्वारा निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र के निगरानी बदमाशों एवं गुंडा बदमाशों की हिस्ट्रीशीट का गहन परीक्षण किया गया। साथ ही ग्राम अपराध पुस्तिका का भी अवलोकन किया गया एवं उसमें दर्ज प्रविष्टियों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए अपराधियों पर सतत एवं प्रभावी निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने तथा पेट्रोलिंग बढ़ाने के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

साथ ही फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने की दिशा में प्रतिवद्धता, के साथ बेहतर पुलिसिंग करने एवं पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष कार्रवाई करने निर्देशित किया। साथ ही फरियादियों की शिकायत पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने एवं भीड़भाड़ वाली इलाकों में संघन पेट्रोलिंग तथा संपत्ति संबंधित अपराधों की रोकथाम करने एवं रात्रि में सक्रियता के साथ गश्त करने निर्देशित किया। लगातार अभियान चलाकर जुआ/सट्टा एवं नशे कारोबारियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने, टीम वर्क के साथ सूचना संकलन कर लगातार कार्रवाई जारी रखने निर्देशित किया। थाना में लंबित अपराध, चलान, मर्ग, शिकायत का समयावधि में निराकरण करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जन जागरूकता के माध्यम से यातायात नियमों के बारे में प्रचार -प्रसार करने और लोगो की वर्तमान में ही रहे सायबर अपरायों से बचने के लिए थाना क्षेत्रों में जन - जागरुकता अभियान चलाकर कर लोगों को जागरूक करने एवं आम जनता से लगातार संपर्क रखने, थाना क्षेत्र के गुण्डा निगरानी बदमाशो को समय- समय पर चेक करने एवं उनके गतिविधियों पर निगाह रखने हिदायत दिया गया।



फाइल का अवलोकन करते पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय।

# 46 केन्द्रों में शिक्षक पात्रता परीक्षा 13 हजार 876 अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



- अनुचित संसाधनों का प्रयोग करने पर की जाएगी कठोर कार्रवाई

व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए जांजगीर चांपा जिले में 46 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। वहीं इस एग्जाम में 13 हजार 876 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।

ज्ञात हो कि रविवार 1 फरवरी को छत्तीसगढ़ व्यापम परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 की परीक्षा दो पालीयों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में जिले के 17 परीक्षा केन्द्रों में 5313 अभ्यार्थी एवं द्वितीय पाली में 29 परीक्षा केन्द्रों में 8563 अभ्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा प्रथम पाली में 9.30 बजे से 12.15 तक एवं द्वितीय पाली 3 बजे से 5.45 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। चूंकि प्रथम पाली की परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 9.30 प्रारंभ हो रह है तो मुख्य द्वारा 9 बजे एवं द्वितीय पाली की परीक्षा 3 बजे से प्रारंभ हो रहा है तो मुख्य द्वार प्रातः 2.30 बजे बंद कर दिया जावेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा।

स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पॉइंट पेन लेकर ही आयें।

## कलयुगी पुत्र को तीन वर्ष की सजा

**जांजगीर-चांपा।** मां- बेटे के रिश्तें को कलंकित करने वाले कलयुगी पुत्र को तीन वर्ष की सजा एवं पांच सौ रुपए के अर्थदण्ड से अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी अनिल कुमार बारा ने दंडित किया है। मामला सारागांव थाने का है। इस संबंध में अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने सरागांव थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पति लकवा ग्रस्त है। उनके चार लड़के एवं लड़की है। सभी की शादी हो चुकी है। उसका छोटा लड़का गोविंदा सूर्यवंशी की पत्नी तीन वर्ष मायके चली गई है। गोविंदा सूर्यवंशी ने रात के समय अपनी मां से अश्लील हरकत की। इस बीच वह किसी तरह वह डांट फटकार कर भगा दिया। इसके बाद 31 मई 2025 की रात्रि 12.30 बजे वह अपने घर में सोयी हुई थी। इस दौरान उसका पुत्र आरोपी गोविंदा सूर्यवंशी ने अपनी मां के साथ अश्लील हरकत की। इससे क्षुब्ध होकर उसने इसकी सूचना सारागांव पुलिस को दी। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां संपूर्ण साक्ष्य के उपरांत अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी अनिल कुमार बारा ने आरोपी गोविंदा सूर्यवंशी पिता धरमलाल सूर्यवंशी सारागांव को तीन वर्ष की सजा एवं पांच सौ रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया। मामले की पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक योगेश गोपाल ने की।

## गणतंत्र दिवस पर सांसद करेंगी जिला मुख्यालय में ध्वजारोहण

**सक्ती।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर के समीप स्थित जेठा मैदान (कॉलेज ग्राउंड) में गरिमामय वातावरण में किया जाएगा। इस अवसर पर लोकसभा क्षेत्र जांजगीर–चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वे सक्ती जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगी तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णु देव साय का जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन करेंगी। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में भव्य परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति तथा राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति से ओत-प्रोत आयोजन किए जाएंगे। समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों, परेड दलों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विजेताओं को सम्मानित कर पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा।



Presented by:
Mr. Purushottam Sharma
&
D3 VENTURES

दिनांक: 23, 24, 25
एवं 26 जनवरी 2026

MY PROPERTY

# आमंत्रण

# MY PROPERTY EXPO CHAMPA




23 से 26 जनवरी तक

## एक्सपो में बुकिंग कराने के लाभ



स्पॉट बुकिंग पर 5 ग्राम गोल्ड कॉइन


साल की सबसे बड़ी छूट



100% लोन सुविधा उपलब्ध


12 महीने की EMI माफ़



प्रॉपर्टी पर ₹12K तक की मासिक आय


सभी के लिए आकर्षक उपहार और लंच

स्थान: पं. गिरिजानंदन शिखर अपार्टमेंट्स,
परशुराम चौक, चांपा

समय – प्रातः 10:00 बजे से

साइट विजिट हेतु +91 95759-88889 पर संपर्क करे

## खबर संक्षेप

### पूर्व माध्यमिक शाला अमोदा में न्योता भोज का हुआ आयोजन



**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ ब्लाक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमोदा में 23 जनवरी शुक्रवार को प्रधान पाठक व सीएसी अनिल कुमार पाण्डेय के द्वारा शाला में नेवता भोजन का आयोजन किया गया। श्री पाण्डेय ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कोई भी व्यक्ति अपने जन्मदिन और अन्य कार्यक्रम के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों को आंशिक व पूर्ण न्योता करा सकता है। इस अवसर पर सभी बच्चों के थाली में खीर-पूरी, दाल-चावल, टमाटर की चटनी, पापड़ और सलाद परोसे गए। साथ ही साथ संकुल के आसपास के शिक्षकों द्वारा जन्म दिवस पर शामिल होकर शिक्षकों द्वारा श्री पाण्डेय को जन्म दिन की बधाई प्रेषित की गयी। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती निशा हरिराम कश्यप, उपसरपंच सीताराम यादव, एसएमसी अध्यक्ष कुशल देवांगन, छतराम कहरा, प्राचार्य उ.मा.शाला अमोदा अशोक जाटवर, भानू प्रताप महाराणा, अशोक देवांगन, सतीश साहू, बृजेश करियारे, मनसा कौशिक, अनिल पाण्डेय, किशोर सिंह, उमाशंकर सूर्यवंशी, सारिका सिंह, कमलेश्वरी पाण्डेय, लीलाधर साहू, कानन श्रीवास्तव, दीपक मेहरा, सुरेश यादव, पुरूषोत्तम यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### हनुमान मंदिर सारागांव में सुंदरकांड पाठ 25 को

**देवरी सारागांव।** नगर के कुआ बाजार चौक स्थित हनुमानजी के मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ आयोजन को पाँच वर्ष पूर्ण होने पर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन रखा गया गया है। हनुमान मंदिर के सुंदरकांड पाठ का संरक्षक संचालक सहसराम कर्ष में बताया कि श्रीराम भक्त मारुति नन्दन हनुमान जी महाराज दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर सांस्कृतिक रंगमंच बाजार चौक में निरन्तर 5 वर्षो से प्रत्येक शनिवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जो 25 जनवरी को 5 वर्ष पूर्ण होने के वर्षगांठ में भव्य रूप से सुंदरकांड पाठ का आयोजन रखा गया है। सुबह 10 बजे से सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया जायेगा जो संध्या 7 बजे समापन होगी। वही इस दौरान मंदिर परिसर में भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम के बाद श्री हनुमान जी मंदिर में महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजक समिति ने लोगो को सुंदरकांड पाठ में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने अपील की है। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने आयोजकगण जुटे हुए है।



### देवरीमठ में दंगल कबड्डी प्रतियोगिता 27 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम देवरीमठ (करही) में दंगल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार 27 जनवरी को रखा गया है। कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 450 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15000 एवं दूसरा पुरस्कार 8000, तीसरा पुरस्कार 4000 और चौथा पुरस्कार 2000 रखा गया है। यह कबड्डी प्रतियोगिता लगातार तीन दिनों तक चलेगा। जिसका समापन 29 जनवरी दिन गुरुवार को होगा ।

## निधन

### भागवत सिंह बैस

**जांजगीर - चाम्पा।** चंदनिया पारा जांजगीर के प्रतिष्ठित नागरिक चन्द्रसेन सिंह बैस के पुत्र



भागवत सिंह बैस ( मुन्ना ) का 59 वर्ष की आयु में गुरुवार 22 जनवरी को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। अंतिम संस्कार जांजगीर के रानी पार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखग्नि पुत्र सत्येश सिंह ने दी। अंतिम यात्रा में परिजन सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण शामिल हुए।

### बसंत पंचमी पर जगह-जगह हुई वीणावादिनी की आराधना

# वैदिक परंपरा के साथ मां सरस्वती की हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी पर्व एवं मां सरस्वती की पूजा वैदिक परंपरा एवं गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ। शुक्रवार 23 जनवरी को गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में बसंत पंचमी पर्व एवं विद्या की देवी मां सरस्वती का प्राकट्य दिवस हर्षोल्लास के साथ, वैदिक परंपरा एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ मार्श शिक्षण समिति के सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, श्रीमती चंचल अग्रवाल, डॉ. देव वशिष्ट के द्वारा पूजा अर्चना कर संपन्न किया गया। वसंत ऋतु में वातावरण मनमोहक और आकर्षक होता है अतः इस दिन पीले रंग का विशेष महत्व होता है। लोग पीले वस्त्र पहनते हैं। छोटे बच्चों की शिक्षा शुरू करने और अक्षर ज्ञान के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। मां सरस्वती की वेशभूषा में अलंकृत कन्याओं- निष्ठा अग्रवाल, तृषिता जिंदल, लक्ष्मी अग्रवाल, शानवी अग्रवाल (कक्षा चौथी), आकृति शुक्ला (कक्षा पांचवी), अनुप्रिया सिंह (कक्षा तीसरी) को तिलक एवं माल्यार्पण करके समारोह का शुभारंभ किया गया। दीपक राठौर ने कहा कि मैं आप सबको देखता हूं, तो मुझे देश का भविष्य नजर आता है। वसंत नई कोपलों और नए जीवन का प्रतीक है। इस अवसर पर स्कूल स्टफ, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



बसंत पंचमी के अवसर पर कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।

## उत्साहपूर्वक मनाया गया बसंत पंचमी

आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नंबर 17 क्रमांक-1 सेक्टर जांजगीर में मां सरस्वती पूजन कर बसंत पंचमी का त्योहार बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र में 6 माह पूर्ण कर चुके दो बच्चे अथर्व द्विवेदी और कविश कहरा का खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराकर बच्चों का सम्मान किया गया और शिशुवती माताओं के साथ उपस्थित महिला तथा जन समुदाय को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सारिका राठौर के द्वारा बताया गया की 6 माह के बाद बच्चों को कुछ ऊपरी आहार जैसे केला ,गाय का दूध, मौसमी फल,डालिया,दाल का पानी आदि दिया जाना चाहिए। तथा अपने बच्चों का वजन समय-समय पर कराने के साथ लगने वाले टीके के बारे में विस्तार से बताया गया। जिसके बच्चे कुपोषित ना हो और बच्चे स्वस्थ होने के साथ रोगमुक्त हो तथा बच्चों का विकास ठीक ढंग से हो सके बच्चों को स्वस्थ एवं रोगों से मुक्त रखने के लिए ऊपरी आहार दिया जाना आवश्यक है। जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और बच्चों में उम्र के अनुसार उनकी ऊंचाई,वजन सही हो। बच्चों का सही ढंग से पोषण हो सके। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती मनीषा गोपाल,समाज सेविका श्रीमती अनुराधा शुक्ला, जांजगीर सेक्टर पर्यवेक्षक सुश्री नवधा राठिया ,कार्यकर्ता सारिका राठौर, सहायिका सुनीता साहू,श्रीमती महेश्वरी राठौर, पिंकी राठौर, सुनीता सूर्यवंशी, अवनी,किरण, अपर्णा,गर्भवती, शिशुवती माताएं के साथ मोहल्ले के लोग उपस्थित थे।



### हाई- स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी व पराक्रम दिवस

**राहौद।** बसंत पंचमी एवं पराक्रम दिवस (सुभाषचंद्र बोस जयंती ) के उपलक्ष्य में शा उ मा वि राहौद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम विद्या दायिनी मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर फुल अर्पित कर पूजा किया गया। वरिष्ठ से नि व्याख्याता एम सी देवांगन ने बसंत ऋतु के आगमन पर मां सरस्वती की आराधना एवं पढ़ाई लिखाई पर ध्यान देकर अच्छे अंक लाने हेतु प्रेरित किया, श्रीमती किरण तिर्की व्याख्याता ने बसंत ऋतु को प्रकृति का उपहार बताया संस्था प्राचार्य पी एल कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां सरस्वती का पूजन तभी प्रभावी होगा जब मेहनत करेंगे गुप्त नवरात्रि के मध्य सुंदर पढ़ाई का मौसम होता है जिसका सदुपयोग कर आप अपना भविष्य संवार सकते हैं। साथ ही उन्होंने नेता सुभाष चन्द्र बोस के पराक्रम के संबंध में जानकारी दिया जिनके पराक्रम ने अंग्रेजी सत्ता के दांत खट्टे करते हुए आजाद हिन्द फौज की स्थापना की एवं तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा तथा दिल्ली चलो का नारा दिया कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन एस के कश्यप व्याख्याता ने किया।



# दो अलग-अलग मामलों में 78 लीटर शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अकलतरा




थाना अकलतरा एवं थाना बलौदा पुलिस ने संयुक्त रूप से अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 38 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

अकलतरा पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में आरोपी बृजमोहन केशकर उम्र 44 वर्ष निवासी पचरी, थाना अकलतरा के कब्जे से 30 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। वहीं बलौदा पुलिस ने आरोपी अनीता बाई सोनझरी उम्र 45 वर्ष निवासी कुदरी थाना जांजगीर के पास से 8 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की। पुलिस ने दोनों मामलों में कुल 38 लीटर अवैध शराब जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 7600 रुपये बताई जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### अवैध शराब कोचियो के विरूध्द पुलिस ने की कार्रवाई

**बाराद्वार।** अवैध शराब कोचियो के विरूध्द बाराद्वार पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। पुलिस ने 1 आरोपी से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा भेजा गया । थाना क्षेत्रो मे चल रहें अवैध जुआ, सटटा, अवैध गांजा व शराब बिक्री एवं परिवहन करने वाले अपराधियों पर अकुंश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकूर द्वारा अधिक से अधिक कार्यवाही करने की निर्देश पर निरीक्षक नरेन्द्र यादव थाना प्रभारी बाराद्वार द्वारा 22 जनवरी को मुखबीर की सुचना पर ग्राम डुमरपारा में टीम बनाकर रेड कार्यवाही कर आरोपी. संतोष सतनामी पिता धनी राम सतनामी उम्र 48 वर्ष साकिन डुमरपारा थाना बाराद्वार के कब्जे से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया। जब्त शराब की कीमत 4 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक नरेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक मनीष राजपूत, आरक्षक योगेश राठौर का योगदान रहा ।

# माघ मेले में जगदगुरू शंकराचार्य को स्नान से रोकना सनातन परंपरा का अपमान : गबेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हसौद

हसौद रेस्ट हाऊस में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुये जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती के अध्यक्ष रश्मि गवेल ने कहा प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोके जाने और उनके साथ हुए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की है।

खुद को हिंदुओं का मसीहा बताने वाली भाजपा सरकार हिंदु संतों का अपमान कर रही है और आज हालात यह हैं कि शंकराचार्य को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है और पिछले 36 घंटे से अनशन पर बैठने को मजबूर होना पड़ा हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक शंकराचार्य से बातचीत का कोई प्रयास नहीं किया गया। शंकराचार्य का अपमान सनातन धर्म का अपमान है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं और यह पहली बार है जब उन्हें इस अखंड धार्मिक परंपरा से रोका गया है। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या का शाही स्नान एक अखंड परंपरा है, भाजपा सरकार ने शंकराचार्य जी को स्नान



से रोक कर सनातन परंपरा का अपमान किया है। भाजपा सरकार पिछले 12 वर्षों से केंद्र में सत्ता में है और हिंदुओं के नाम पर राजनीति करती रही है, लेकिन आज वही सरकार शंकराचार्य एवं उनके समर्थकों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है, उनके शिष्यों को बाल पकड़कर घसीटा जा रहा है। इस अवसर पर जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू,प्रदेश सचिव सुरेन्द्र भार्गव, हसौद ब्लाक अध्यक्ष कुशल कश्यप जैजैपुर ब्लाक अध्यक्ष गोपाल भारद्वाज, भोजराम हरवंश, तोशिबा आनंद लायन, लकेश्वरी लहरे,सीता बाई जाटवर,छोटूदास महंत,हरि खटर्जी,दादू सोनवानी, रमेश कश्यप,गणेश माझी,संजय कोसले, सहित बड़ी संख्या कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्रीमद् भागवत गीता ज्ञानयज्ञ का आयोजन 26 जनवरी से

**चांपा।** नगर में श्रीमद्भगवत गीता के सार और सुखद जीवन के आधार विषय पर आध्यात्मिक ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 26 जनवरी से 1 फरवरीतक प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक लक्ष्मी टाइपिंग, हजारी गली, अम्बे रेसिडेंसी, चांपा में आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रख्यात राजयोगिनी तपस्विनी ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा देवी (बिलासपुर) द्वारा गीता के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। प्रवचनों में कर्म, अकर्म व विकर्म का बोध, ज्ञान योग, भक्ति योग, राजयोग, सृष्टि का आदि सत्य, कल्पवृक्ष कथा तथा सुख-शांतिपूर्ण जीवन की विधियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस आध्यात्मिक आयोजन का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आध्यात्मिक लाभ लेने की अपील की है।

# गोंडवाना एक्सप्रेंस का सक्ती में मिला स्टापेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सक्ती

सक्ती रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर शुक्रवार 23 जनवरी की तड़के सुबह 4 बजे हजरत निजामुद्दीन से दिल्ली जाने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस का पहला ठहराव हुआ। यह ठहराव सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के प्रयासों से रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से की गई मांग के चलते मिला।

- ढोल बाजे के बीच हुआ स्वागत, ट्रेन के चालक एवं गार्ड को पहनाया माला, कराया मुंह मीठा

ट्रेन के प्रथम दिवस आने पर शहर के सामाजिक कार्यकर्ता अमरलाल अग्रवाल के नेतृत्व में पहुंचे नागरिकों ने एवं रेल यात्रियों ने इस ट्रेन का जोरदार स्वागत किया। कड़कड़हाती ठंड में भी जहां रेल यात्री ट्रेन का स्वागत करने पहुंचे थे, तो वही प्रथम दिन लगभग 15 रेल यात्रियों ने इस ट्रेन में यात्रा प्रारंभ की तो वहीं प्रथम आरक्षित यात्री के रूप में शहर के गिरिराज रेन बसेरा के संचालक अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार ने अपना रिजर्वेशन करवाया था। ट्रेन के स्टेशन में पहुंचने पर ट्रेन के इंजन को माला से सजाया गया तथा ट्रेन के दोनों चालकों का माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कराया गया। साथ ही उन्हें मिठाई के डिब्बे भी दिए गए एवं ट्रेन के गार्ड को भी माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाई गई। इस अवसर पर रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ पुजारी पंडित राधेश्याम शर्मा एवं सर्व ब्राह्मण समाज शक्ति के पूर्व अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा बाबा ने ट्रेन के ड्राइवर का तिलक लगाकर स्वागत, अभिनंदन किया तथा श्रीफ़ल फोड़कर पूजा अर्चना भी की। स्वागत करने वालों में अमरलाल अग्रवाल, राधे श्याम शर्मा, राजेश शर्मा बाबा, भाजपा नेता रामनरेश यादव, सौरभ गर्ग, हरिओम अग्रवाल, बजरंगलाल अग्रवाल, बाबा खान, जाट राम, दिलीप गुप्ता, शिवम गुप्ता, कुलदीप अग्रवाल, गोपाल हरियाणवी, नरेंद्र राठौर, पंकज अग्रवाल पिंटू, हिमालय अग्रवाल व नागरिक मौजूद थे।


ट्रेन का स्वागत करने स्टेशन पहुंचे नगरवासी।

# जिला पंचायत सीईओ ने झालरौंदा स्कूल का किया निरीक्षण


निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते सीईओ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ वाशु जैन ने जैजैपुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला झालरौदा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक को अनुपस्थित पाए जाने पर सीईओ श्री जैन ने उनके निलंबन (सस्पेंशन) की अनुशंसा कलेक्टर श्री तोपनो से की। निरीक्षण के दौरान वाशु जैन ने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से संवाद किया और उनकी शैक्षणिक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से हालचाल पूछते हुए क, ख, ग, बारहखड़ी, फलों के नाम, पशु-पक्षियों के नाम तथा गणित में जोड़-घटाव से संबंधित प्रश्न पूछे। कक्षा चौथी सहित अन्य कक्षाओं के बच्चों से भी विभिन्न रोचक सवाल पूछकर उनके ज्ञान स्तर का परीक्षण किया। सीईओ ने बच्चों से मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी लेते हुए पूछा कि भोजन में क्या-क्या परोसा गया तथा गुणवत्ता कैसी है। साथ ही बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात श्री जैन ने उपस्थित शिक्षकों से विद्यालय में दर्ज बच्चों की संख्या, कार्यरत शिक्षकों की संख्या की जानकारी ली तथा उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में बच्चों के लिए उपलब्ध खेलकूद गतिविधियों एवं अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। औचक निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने विद्यालय में अनुशासन, नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**खास बात**
- औचक निरीक्षण में गैरहाजिर प्रधान पाठक पर कार्रवाई के लिए की अनुशंसा

# लीनेस क्लब सक्ती ने वितरण किया गुड़ से बने लड्डू


उपस्थित लीनेस क्लब के पदाधिकारी।

**सक्ती।** आलं इंडिया लीनेस क्लब सक्ती की चार्टर अध्यक्ष लीनेस शहनाज बानो के नेतृत्व में मकर संक्रांति पर्व पर कसेर पारा जाकर वहां की महिलाओं को गुड़ से बने तिल, मुरा, करी के लड्डू का वितरण कर सबके जीवन में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि यह पर्व फसल कटने के बाद शीतकालीन के अंत लंबे दिनों के शुरूवात एवं जीवन में मीठास लाने का प्रतीक है। सभी महिलाओं ने खुश होकर क्लब के सदस्यों की सराहना की। इस अवसर पर सचिव लीनेस निकहत करीम खान, कोषाध्यक्ष लीनेस प्रिया दुबे, लीनेस अनीता सिंह,लीनेस लता नायक, पूर्व अध्यक्ष लीनेस अल्का कंवर, लीनेस विजया जायसवाल, चेयरपर्सन लीनेस अमृता सिंह, माइक्रो चेयरपर्सन मनीषा भारद्वाज, माइक्रो चेयरपर्सन लीनेस प्रभा जायसवाल, चेयरपर्सन लीनेस संगीता तिवारी, लीनेस लक्ष्मी रेड्डी, लीनेस पूनम साहू, लीनेस कलेश्वरी साहू, लीनेस रीता राज, लीनेस ललिता साहु उपस्थित रहे ।




### कुटरा स्कूल में वार्षिकोत्सव के अवसर पर 78 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण

# पीढ़ियों के भविष्य की आधारशिला है शिक्षा की नींव : राघवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

संघर्ष और हिंसा से झुलसी हुई धरती कुटरा में शिक्षा की नींव रखना केवल एक इमारत खड़ी करना नहीं था, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला रखना था।

ये बातें कुटरा मालगुजार परिवार के सदस्य राघवेन्द्र पाण्डेय ने रामसरकार शासकीय स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य संदीप श्रीवास्तव ने किया,तथा प्रधान पाठक श्रीमति ईंदिरा शुक्ला, सहकारी समिति के अध्यक्ष राजू कश्यप, सरपंच रामधन कश्यप,शाला विकास समिति के अध्यक्ष देवी निर्मलकर, पुर्व सरपंच राजकुमार विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर अतिथियों ने हायर सेकेण्डरी, पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के लिए 78 लाख रुपये की लागत से निर्मित अतिरिक्त कक्षों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक देवेन्द्र साहु ने किया । इस मौके पर राघवेन्द्र सरकार पाण्डेय ने कहा कि वर्ष 2008 में गांव में हाईस्कूल की स्थापना तो हो गई थी, लेकिन कुटरा के हिंसक इतिहास और व्यापक अतिक्रमण के कारण शासन छह वर्षों तक विद्यालय भवन निर्माण का साहस नहीं जुटा पाया था। नौबत यहां तक आ गई कि प्रशासन ने स्कूल को दूसरे गांव में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया तक शुरू कर दी थी,तब संकट के दौर में तत्कालीन सरपंच राजू कश्यप एवं ग्रामीणों के आग्रह पर उन्होंने वर्ष 2014 में हाईस्कूल की नींव रखी। जो आज रामसरकार हायर सेकेण्डरी स्कूल के नाम से जाना जाता है। राघवेन्द्र पाण्डेय कहा कि इस एक फैसले से प्रेरित होकर ग्रामीणों ने सैकड़ों एकड़ शासकीय भूमि से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाया और शांति व अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। यह निर्णय समाज में एक मिसाल बना और आज ग्राम कुटरा में कन्या छात्रावास, अस्पताल और मेडिकल कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों के निर्माण का दरवाजा खुल गया। वार्षिकउत्सव में बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर देशभक्ति से जुड़े रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया ईस अवसर पर अनुराग तिवारी, अमृत कश्यप, विदुर कश्यप, छोटे लाल सूर्यवंशी, रामेश्वर कश्यप मनमोहन कश्यप, गजानंद खरे, पवन दिनकर,प्रहलाद कश्यप, देवी कश्यप, सहीत बड़ी संख्या में स्कूल और गांव के प्रतिष्ठित लोग मौजूद थे।


कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

